तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 20 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 कांग्रेस सरकार ने की प्रदेश की दुर्गति : बघेल

10 बस्तर के कलाकार बना रहे बैम्बू कॉटेज...

खबर संक्षेप

रामबालक दास का संबोधन आज

डौंडीलोहारा। स्थानीय श्री जामडी पाटेश्वर धाम के संत

रामबालक दास आज 20 अप्रैल को नेपाल देश के विराटनगर में आयोजित श्री हनुमंत कथा को श्री बागेश्वर धाम के संतश्री धीरेन्द्र शास्त्री की उपस्थिति में संबोधित करेंगे । श्री पाटेश्वरधाम के मीडिया प्रभारी जयेश ठाकुर से प्राप्त जानकारी अनुसार श्री बागेश्वर धाम के संतश्री धीरेंद्र शास्त्री द्वारा नेपाल देश के विराटनगर में आयोजित श्री हनुमंत कथा में आज 20 अप्रैल को स्थानीय श्री जामडी पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास महात्यागी का दोपहर 3 बजे उद्बोधन होगा। जिसका सीधा प्रसारण किया जा रहा है। क्षेत्र के भक्तगण दिव्य उद्बोधन के सीधा प्रसारण की टीवी के माध्यम से इसका लाभ ले सकते है।

23 को कमरौद में रामायण पाठ

लाटाबोड़। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा की असीम कृपा से भुईफोड़ हनुमान जी पावन धरा ग्राम-कमरौद में चैत्र नवरात्रि महोत्सव एवं श्री हनुमान जयंती क़े अवसर पर जय बजरंगबली मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासी कमरौद क़े तत्वाधान में 23 अप्रैल मंगलवार को रामायण पाठ का आयोजन सुबह 11 बजे से जय बजरंग मानस परिवार कमरौद दोपहर 2 बजे से जय मां सरस्वती पंडवानी पार्टी, कोकड़ी (टेमिनबाई) वाले अपनी प्रस्तुति देंगे। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष पुनीतराम देशमुख ने दी।

नक्सल आपरेशन में दुर्ग के जांबाज रामेश्वर की भी अहम भूमिका

दुर्ग। कांकेर के कलपर के जंगल में डीआरजी व बस्तर फाईटर्स टीम का नेतृत्व करने वाले दुर्ग के ग्राम तिरगा निवासी रामेश्वर देशमुख की अहम भूमिका रही है। उनके नेतृत्व में करीब 29 नक्सलियों को ढेर किए जाने में बडी सफलता मिली है। उनकी वीरता की गाथा सुन गांव में ग्रामीण जहां खुशी से फूले नही समा रहे है, वही उनका सीना गर्व से चौडा हो गया है। एक ही झटके में कांकेर के कलपर के जंगल में नक्सलियों के एक बड़े कैडर का सफाया करने वाले आपरेशन में दुर्ग जिले के तिरगा के रहने वाले पुलिस निरीक्षक रामेश्वर देशमुख के साहस को लोग सलाम कर रहे हैं। वन टाईम प्रमोशन से निरीक्षक बने रामेश्वर ने दूसरे छोर से सुरक्षा बलों के साथ कलपर के जंगल में स्थित तीन पहाड़ों को लांघकर नक्सलियों को घेरा। दो छोर से पुलिस की ओर से हुए गोलीबारी में 29 नक्सली मारे गए। छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए यह सफलता इतिहास बनाने वाली रही। रामेश्वर देशमुख के गांव में भी नक्सली सफलता से खुशी का माहौल है।

चुनाव : भारत निर्वाचन आयोग की पहल

वृद्धजनों व दिव्यांगों को घर से मतदान केन्द्र तक लाने-ले जाने निःशुल्क परिवहन की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मांगे जाने पर दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके घर से लाने और मतदान के बाद वापस घर तक छोड़ने के लिए निः शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मतदान केंद्र पर दृष्टिबाधित अपने साथ एक सहयोगी भी साथ ले जा सकेंगा। विशेष रूप से निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम और सहज बनाने के लिए जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों को मतदान करने के लिए निःशुल्क परिवहन व्यवस्था लागू की जा रही है। यह उन नागरिकों के लिए एक सशक्त कदम है जो अपने वोट का प्रयोग करने में किसी भी प्रकार की समस्या से घिरे हुए हैं। उक्त निःशुल्क परिवहन (रथ) का लाभ लेने हेतु टोल फ्री नं. 1950 में फोन कर सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते है।

आएगा सकारात्मक बदलाव

कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार यह पहल न केवल समाज में समानता को बढ़ावा देगी, बल्कि लोकतंत्र में सकारात्मक बदलाव को भी प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को उनके मताधिकार का प्रयोग करने में किसी भी तरह की अड़चन नहीं आनी चाहिए। इस सुविधा के माध्यम से आयोग ने नागरिकों के मताधिकार को समझते हुए, एक सशक्त और समर्थ संविधान निर्माण की दिशा में कदम उठाया है। यह प्रयास भारतीय लोकतंत्र को और भी उन्नत और समृद्ध बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल लोकतंत्र की मूलभूत संरचना मजबूत होगी, बल्कि समाज की सामाजिक समरसता और समानता में भी एक परिवर्तन आएगा।

शांतिपूर्ण-निष्पक्ष चुनाव कराना हम सब की जिम्मेदारी : कलेक्टर

बेमेतरा। लोकसभा चुनाव के लिए डाक मतपत्र तथा निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान सभी मतदान अधिकारियों से कहा कि किसी भी शंका को मन में न रखें, सभी शंकाओं का समाधान करें और चुनाव में पूर्ण जिम्मेदारी से अपने कर्तव्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में दिव्यांगजनों एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठजनों को डाक मतपत्र से मतदान की व्यवस्था की गई है। 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व दिव्यांगजनों को उनकी सहमति अनुसार मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा दी गयी है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर सुनील झा द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने को लेकर सभी पहलूओं से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों की समस्याओं का समाधान किया गया। श्री झा ने बताया कि ड्यूटी लगने पर कर्मचारी को निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए प्रपत्र 12(क) में नोडल अधिकारी के माध्यम से आवेदन करना होगा।

- डाक मतपत्र से मतदान कराने मतदान दलों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

मारो में मतदाताओं को किया जा रहा जागरुक

बेमेतरा/मारो। लोकसभा चुनाव को लेकर नगर पंचायत मारो के अधिकारी व कर्मचारी द्वारा लगातार मतदान का सही प्रयोग व मतदाताओं को जानकारी दिया जा रहा है। बता दें कि चुनाव कैसे होंगे इसके जानकारी सभी मतदाताओं को बताया गया। क्रमानुसार चुनाव के प्रक्रियाओं को मतदान करने के लिए मतदाताओं को समझाया गया। नगर पंचायत मारो अंचल में नए मतदाताओं से मिलकर मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक किया गया। चुनाव पांच सालों के बाद ही आते हैं। इन चुनावों का मकसद हम अपने देश और राज्य के लिए अच्छे प्रतिनिधियों का चयन करना होता है ताकि देश में या राज्य में अच्छी सरकार का गठन किया जा सके। यह भारत में लोकतंत्र है। इस लोकतंत्र में मतदान से हमें सरकार चुनने का मौका मिला है। इसलिए चुनाव में हर मतदाता को अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। मतदान में हर मतदाता को हर हाल में सभी को भाग लेना चाहिए। मतदान बहुत ही गंभीर विषय है। मतदाताओं को पूरी सोच विचार के बाद ही किसी प्रत्याशी को वोट देना चाहिए। किसी भी तरह के लालच में आकर वोट नहीं करना चाहिए। ऐसे प्रत्याशी को ही वोट करना चाहिए, जोकि अपने हलके के विकास के प्रति गंभीर हो। इस अवसर पर नगर पंचायत के सीएमओ रामवन सिंह नेताम व नगर के कर्मचारी मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ग्राम मारो के बुजुर्गों एवं नये मतदाताओं विशेष सहयोग मिला।

बीमारी-आर्थिक तंगी से हताश होकर लगाया मौत को गले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

बेरला क्षेत्र के पुलिस चौकी देवकर अंतर्गत ग्राम परपोड़ा में एक व्यक्ति ने बीमारी व आर्थिक तंगी से बेहाल होकर फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम परपोड़ा के पवन साहू पिता चंदू साहू 50 वर्ष ने अपनी बीमारी से हताश होकर यह कदम उठाया। वह एक साल से बीमारी से पीड़ति था। बीच-बीच में तबियत ज्यादा खराब होने व घर की आर्थिक तंगी को देख कर वह हमेशा चिंतित और परेशान रहता था। मृतक शुक्रवार की सुबह परिवार व ग्रामीणों के साथ सामान्य बातचीत करता रहा। सुबह करीब 11:30 बजे अपने घर में फांसी लगा लिया। उसकी पत्नी धर्मिन बाई साहू ने उसे फांसी पर लटका देखा तो उसके होश उड़ गए। इसके बाद परिवार और ग्रामीण को बुलाकर घटना की जानकारी दी गई। उसके बाद मृतक के चचेरे भाई ने पुलिस चौंकी देवकर में सूचना दी।

जानकारी मिलते ही देवकर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के लिए साजा चिकित्सालय रेफर किया गया। थाना प्रभारी एएसआई डीपी देशलहरे ने बताया कि आसपास के ग्रामीण व परिजनों से पता चला की एक वर्षो से बीमारी से ग्रसित था। जिनके कारण से हमेशा परेशान व हताश रहता था। आशंका है कि इसी के चलते उसने सुसाइड किया है।

महिला मानसिक रोगी का किया रेस्क्यू

बेमेतरा। पी.एल.वी चेतन सिंह व सोनिया राजपूत ने जिला चिकित्सालय बेमेतरा एवं सिटी कोतवाली बेमेतरा विभाग की प्रभारी मैंटेन आरती दत्ता एवं महिला आरक्षक रामबती नेताम के साथ मिलकर गनेशिया बाई नामक मानसिक रोगी को रेस्क्यू किया है। नगरवासियों द्वारा जानकारी दिये जाने पर 27-30 वर्षीय महिला जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नही है, के पास जाकर उससे मिलकर बातचीत करने के उपरांत उसे रेस्क्यू कर जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार हेतु लाया गया। प्राथमिक उपचार में महिला प्रथम दृष्टया मानसिक रोगी होना दर्शित हुई। पी.एल.वी. एवं टीम के साथ मिलकर उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय लाया और वहां से महिला मानसिक रोगी के परिजनों का पता नही मिलने के बाद उसे अग्रिम उचित चिकित्सकीय ईलाज हेतु मानसिक चिकित्सालय सेन्दरी बिलासपुर भेजे जाने हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा से रिफरल आदेश प्राप्त कर महिला मानसिक रोगी को मानसिक चिकित्सालय सेन्दरी, बिलासपुर प्रेषित किया गया।

प्राचार्या को हटाने कुलपति के नाम सौंपा ज्ञापन

बेमेतरा। कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ के कॉलेज परिसर के पीछे आए दिन होने वाली अश्लील हरकतों पर अंकुश लगाने में अक्षमता का आरोप लगाते हुए उड़ान एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने नवागढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य के स्थानांतरण किए जाने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंच विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवक-युवतियों ने कहा कि विकासखंड नवागढ़ में आगामी छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती के लिए सैकड़ों की संख्या में युवक एवं युवतियां पुलिस की तैयारी कर रहे है। तो वहीं दूसरी तरफ कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ के कॉलेज परिसर के पीछे युवक एवं युवतियां आय दिन अश्लील हरकतें करते हुए नजर आ रहे हैं। चूंकी ऐसे कृत्य को देखते हुए कई बार महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या मंगली बंजारा को भी जानकारी दी जा चुकी है एवं इस पर किसी भी प्रकार का कोई कठोर कार्यवाही अब तक नहीं की गई है। जिसको देखते हुए उड़ान एकेडमी के सैकड़ों की संख्या में युवक एवं युवतियां मिलकर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम से नवागढ़ के अनुविभागीय अधिकारी को प्राचार्या के स्थानांतरण के लिए ज्ञापन दिया गया है।

थाना नांदघाट और पुलिस चौकी मारो का एसडीओपी ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनोज तिर्की ने शुक्रवार को थाना नांदघाट एवं पुलिस चौकी मारो का प्रथम अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अधिकारी व जवानों को कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया। वहीं अपराधों पर अंकुश लगाने रात्रि में गश्त, पेट्रोलिंग, कांम्बिग गश्त सुदृढ करने, गश्त, पेट्रोलिंग के दौरान होटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैंक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियों कि सख्ती से चेकिंग किए जाने पर जोर देते हुए कहा थाना, चौकी प्रभारी अवैध कारोबारियों, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें और रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार कर उनकी रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही किए जाने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी नांदघाट उप निरीक्षक अलील चंद, पुलिस चौकी मारो प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कृष्णकुमार क्षत्री, सहायक उप निरीक्षक रघुवीर सिंह एवं एसडीओपी कार्यालय से आरक्षक पुकेश्वर दिल्लीवार एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

- मातहतों को स्पष्ट निर्देश, जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें

श्रीरामनवमीं शोभायात्रा में विधायक दीपेश हुए शामिल

बेमेतरा। श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने गुरुवार को प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र व अंचलवासियों के सुख-समृद्धि की कामना। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंह, नीतू कोठारी, प्रणेश रजक, विजय सुखवानी, परमेश्वर साहू, अमेरिका निर्मलकर, आदित्य सिंह राजपूत, दिनेश सिंह, सुनील खिल्याणी, हर्ष तिवारी, बसंत राजपूत, सुरेश साहू,नरेश साहू, हरि साहू,राम प्रकाश देवांगन, राजू साहू विकास तंबोली, सोनू राजपूत, कमल चंदेल, लोकेश राजपूत, राजकुमार चौहान, रेवा राम निषाद, राजू देवांगन, मोंटी साहू, निखिल साहू, लक्ष्मीनारायण यादव, तुषार साहू, राहुल साहू, दीना नाथ साहू, सहित राम भक्त शामिल थे।

प्रभु श्री राम की पूजा-अर्चना कर शहर में मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जो नया बस स्टैंड, गश्ती चौक, पुराना बस स्टैंड, परशुराम चौक से होते हुए राम मंदिर प्रांगण में पहुंचकर समाप्त हुआ।

10 दिवसीय आयोजन में चित्रकारी, शब्द अंताक्षरी, क्राफ्ट वर्क, कहानी निर्माण आदि सीख रहे

छात्र-छात्राएं समर कैंप में निखार रहे प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना में दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन समर क्लास का आयोजन किया गया है। यह आयोजन विद्यालय के प्रधानपाठक लेखराम वर्मा की सहमति से सहायक शिक्षिका हिम कल्याणी सिन्हा द्वारा आयोजित की जा रही है। वार्षिक परीक्षा के पश्चात बच्चों में भाषाई, गणितीय कौशल विकास हेतु रोचक गतिविधियाँ करायी जा रही है।

क्लास की शुरुआत बाल गीत से होती है। जिससे बच्चें बहुत आनंदित होकर मजोरंजन के साथ कक्षा की गतिविधियों में भाग लेते है। चित्रकारी, शब्द अंताक्षरी, क्राफ्ट वर्क, कहानी निर्माण, शब्द जाल बनाना, रंगों का खेल, पपेट शो, चिड़िया घर बनाना, कंकड गिनना, माचिस तीली से दस का बंडल बनाना, मेहंदी लेखन, स्थानीय खेलों की जानकारी देना व उनके नियमों से अवगत कराना, ऐसे कई रचनात्मक कार्य जिससे सीखने सिखाने की प्रक्रिया सहज एवं सुगम बन रही है। शाला में समर क्लास का संचालन विद्यालय की नवाचारी शिक्षिका हिमकल्याणी सिन्हा कर रही है। वह बताती है की बच्चे बहुत ही उत्साह से समर क्लास में भाग ले रहे है। शिक्षिका प्रतिदिन बच्चों को नया सिखाने का प्रयास कर रही है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से चेतन कामले का मार्गदर्शन मिल रहा है। शाला के प्रधान पाठक लेखराम वर्मा, पीरेंद्र वर्मा, बबीता ध्रुवे, नीमा वर्मा, लक्ष्मीन वर्मा सभी का सहयोग मिल रहा है।

6 टुकड़ों में कटी मिली लाश अब तक नहीं हो सकी पहचान

बालोद। बीते शनिवार-रविववार को ग्राम अमलीडीह व दैहान गांव के पास जंगल में बोरी में बंद अज्ञात महिला की टुकड़ों में मिली लाश की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस विभाग ने अब मृतका के शरीर मे मिली सामग्रियों को सार्वजनिक किया है, जिससे उसकी पहचान हो सके। वहीं पुलिस सोशल मीडिया का भी सहारा ले रही है, ताकि मृतका के संबंध में कुछ इनपुट मिल सके। ज्ञात हो कि अज्ञात आरोपी ने हत्या के बाद मृतका का शरीर टुकड़ों में काटकर तथा बोरी में बंद कर फेंक दिया था। यही नहीं आरोपी ने शव को जलाने का भी असफल प्रयास किया था। शव सड़ चुका था, लेकिन इसके पहले पुलिस को इसकी खबर लग गई थी। पुलिस ने घटना स्थल से कुछ वस्तुएं बरामद की है, जो कि मृतका की हो सकती हैं। इसमें पायल, सुनहरे रंग की टाप्स और एक अंगूठी और चूड़ी के टुकड़े शामिल हैं।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

खबर संक्षेप

बाइक मांगने पर विवाद ऑटो चालक से मारपीट

रायपुर। सिविल लाइंस थाने में एक ऑटो चालक ने दो लड़कों तथा उनके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक सैयद नियाज ने छोटू, सैफुल्ला तथा उनके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नियाज ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी मां के लिए दवा लेने जाने छोटू से बाइक मांगी। इस पर छोटू ने नियाज को बाइक देने से इनकार करने के साथ ही गाली-गलौज की। नियाज ने छोटू को गाली-गलौज करने से मना किया तो उसने अपने साथी सैफुल्ला तथा अन्य साथियों को बुलाकर नियाज से मारपीट की।

ट्रक की चपेट में आने से फैक्ट्री कर्मी की मौत

रायपुर। धरसींवा थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से फैक्ट्री कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक किशनलाल वर्मा की ट्रक की चपेट में आने से मौत हुई है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को किशन अपनी बाइक से कपसदा स्थित कंपनी में नाइट ड्यूटी करने जा रहा था। इसी दौरान तिवरैया तालाब के पास तेज रफ्तार ट्रक सीजी 04 एलबी 1642 के चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए किशन की बाइक को ठोकर मार दी। इस दौरान किशन ट्रक के पहियों के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पैसे नहीं देने पर अज्ञात बदमाश ने किया हमला

रायपुर। देवेंद्र नगर थाने में एक युवक ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पैसों के विवाद पर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पोखन लाल यादव ने अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। पोखन ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात पंडरी स्थित शराब दुकान के पास एक अज्ञात लड़का उसके पास पहुंचा और पैसों की लेन-देन को लेकर विवाद करते हुए अपने कमरे के पास से चाकू निकालकर उसके पेट में गंभीर रूप से वार कर दिया। अस्पताल में उपचार करा रहे पोखन ने होश में आने के बाद पुलिस के पास अपना बयान दर्ज कराया है।

तीसरे चरण के मतदान में 18 दिन, पुणे में अटके 14 हजार वोटरों के आई-कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मतदान 7 मई रायपुर लोकसभा सीट के लिए भी मतदान होगा। इसके लिए जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटा हुआ है, वहीं दूसरी ओर लोकसभा चुनाव के पहले नए नाम जोड़ने, हटाने, त्रुटि सुधार कराने के लिए आवेदन करने वाले 14 हजार से अधिक मतदाताओं के पुणे में आईडी कार्ड फंसे हुए हैं।

इन मतदाताओं के एपिक कार्ड को पीडीएफ फाइल बनाकर पुणे भेजे करीब माहभर हो गया है, लेकिन अब तक कार्ड बनकर नहीं आए हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि समय रहते एपिक कार्ड अगर किसी मतदाता को नहीं मिल पाता है तो वह ऑनलाइन ई-एपिक कार्ड डाउनलोड कर सकता है। प्रदेश के सभी जिलों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने तथा मतदाता कार्ड में नाम, पता या त्रुटि सुधारने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों पद्धति से मतदाता आवेदन कर चुके हैं।

इसके तहत फॉर्म 6, 7 एवं 8 भरे गए हैं। इन आवेदनों के आधार पर ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में मतदाताओं के दस्तावेजों की एंट्री कर, उसकी पीडीएफ फाइल बनाकर पुणे भेजी गई है, जहां सभी मतदाताओं के नए आईडी कार्ड बनने हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार जिले से अब तक 14 हजार मतदाताओं के एपिक कार्ड पुणे में ही फंसे हुए हैं, जिन्हें मतदाताओं को भेजा नहीं गया है।

पुणे में बन रहे कार्ड, इसलिए देर

विभागीय अधिकारियों के अनुसार देशभर के नए वोटर आईडी कार्ड पुणे में तैयार किए जा रहे हैं। इस कारण से कार्ड बनने में भी देर हो रही है। इससे पहले एपिक कार्ड राज्य में ही बनाए जाते थे, तब मतदाताओं को जल्द मिल जाते थे, लेकिन अब सिर्फ पुणे में एपिक कार्ड बनाने का काम चल रहा है, जिसके कारण मतदाताओं को भी देर से मिल पाते हैं।

पुणे से आने में देर

नए वोटर आईडी पुणे में तैयार किए जा रहे हैं। वहां से डाक के माध्यम से मतदाता के पोस्टल एड्रेस पर भेजे जा रहे हैं। जिन्हें समय पर नहीं मिल पाएंगे, वे ऑनलाइन ई-एपिक कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

- **उमाशंकर बंदे,** जिला उप निर्वाचन अधिकारी

पोस्टल एड्रेस तक पहुंचने में लगेंगे 15 दिन

पुणे में तैयार किए जा रहे नए आइडी कार्ड डाक के माध्यम से मतदाता के पोस्टल एड्रेस पर भेजे जाते हैं। रायपुर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान को अब सिर्फ 18 दिन ही बचे हैं, वहीं पुणे में जिले से अब तक 14 हजार मतदाताओं के नए एपिक कार्ड बन नहीं पाए हैं। इन मतदाताओं के कार्ड बनने से लेकर पोस्टल एड्रेस तक पहुंचने में कम से कम 15 दिन या उससे ज्यादा का समय भी लग सकता है। ऐसे में चुनाव तक कई मतदाताओं को नए एपिक कार्ड मिल पाएंगे, इसकी संभावना कम है। जिन्हें नए कार्ड नहीं मिलेंगे, ऐसे मतदाताओं को ऑनलाइन ई-एपिक कार्ड डाउनलोड करके या फिर अन्य मान्य आईडी लेकर मतदान करने जाना होगा।

सूर्योदय पीएम योजना में सोलर पैनल लगवाने वालों को मिलेगी 300 यूनिट बिजली मुफ्त

घर की छत पर बिजली उत्पादन करने प्रदेश के उपभोक्ताओं की रुचि कम, अब तक 22 सौ आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सूर्योदय पीएम योजना के तहत अपने घर की छत पर बिजली का उत्पादन करने के लिए प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की रुचि बहुत कम है। इस योजना में अब तक अपने राज्य में महज 22 सौ आवेदन आए हैं। सबसे ज्यादा 310 आवेदन नक्सल प्रभावित सुकमा जिले से आए हैं, वहीं रायपुर जिले से 150 के आसपास आवेदन मिले हैं। इस योजना में देशभर के एक करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य है।

छत्तीसगढ़ से इस योजना में करीब 25 हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने की छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने योजना बनाई है। इस योजना में जुड़ने वालों को हर माह 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी। इसी के साथ योजना में शामिल उपभोक्ताओं का बिजली बिल भी जीरो हो जाएगा। यहां पर घरों में सोलर पैनल लगाने का काम एनटीपीसी को दिया गया है। देश के साथ ही अपने प्रदेश में भी में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले साल रिकॉर्डतोड़ खपत के बाद अपने राज्य में इस बार अप्रैल में ही बिजली की खपत बहुत बढ़ गई है। मानसून में भी उमस के कारण बिजली ने खपत का रिकॉर्ड पिछले साल तोड़ने का काम किया। आमतौर पर अपने देश में बिजली की जितनी खपत है, उसकी तुलना में उत्पादन उतना नहीं हो पाता है। आने वाले समय में खपत में लगातार इजाफा भी होगा।

ऐसे में उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर की तरफ ले जाने की योजना बनाई गई है। इस योजना का बड़ा लाभ उपभोक्ताओं को होने के साथ वे बिजली बेच भी सकेंगे।

हरिभूमि फॉलोअप

सुकमा से ज्यादा आवेदन

योजना को लेकर प्रदेशभर से आवेदन मंगाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। अब तक 22 सौ आवेदन आ गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा सुकमा जिले से 310, दुर्ग से 220, रायगढ़ से 156, बिलासपुर से 140, जांजगीर-चांपा से 135 और रायपुर से 150 के करीब आवेदन आए हैं। साथ ही और कुछ जिलों से आवेदन आए हैं, लेकिन इनकी संख्या गिनती की है।

प्रदेश में 25 हजार का लक्ष्य

अपने प्रदेश में 60 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। इसमें से करीब 50 लाख घरेलू उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं में 47 लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जिनकी खपत महज 300 यूनिट की होती है। घरेलू उपभोक्ताओं में से 25 हजार उपभोक्ताओं को इस योजना से जोड़ने की तैयारी है। इस योजना में सबसे ज्यादा सात हजार उपभोक्ता रायपुर, छह हजार उपभोक्ता दुर्ग-भिलाई, छह हजार उपभोक्ता बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ में तीन-तीन हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने का लक्ष्य है।

केंद्र-राज्य से अनुदान

योजना के लिए अपने राज्य में एनटीपीसी को नोडल एजेंसी बनाया गया है। योजना में केंद्र और राज्य सरकार ने इसके लिए अनुदान भी तय किया है। इसमें केंद्र सरकार से जहां 1 से 2 किलोवाट के लिए 30 से 60 हजार और 3 किलोवॉट या इससे ज्यादा के लिए 78 हजार का अनुदान मिलेगा, वहीं राज्य सरकार से भी 15 से लेकर 45 हजार तक का अनुदान मिलेगा।

व्यापमं की प्रवेश और पात्रता परीक्षा की तारीख बदली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न प्रवेश एवं पात्रता परीक्षाओं की परीक्षा तिथियों में संशोधन किया गया है। लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित होने के कारण प्रवेश एवं पात्रता परीक्षाओं की पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथियों में संशोधन किया गया है।

■ लोकसभा चुनाव के कारण बदलाव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी संशोधित तिथियों के अनुसार पीईटी-2024, प्री एमसीए-2024 एवं पीपीएचटी-2024 की परीक्षा 13 जून 2024 को होगी। पीएटी, पीव्हीपीटी, बीएससी (कृषि), बीएससी (उद्यानिकी), पशुपालन में डिप्लोमा और मत्स्यिकी विज्ञान में डिप्लोमा, प्री बीए बीएड और प्री बीएससी बीएड की परीक्षा 16 जून 2024 को होगी। इसी प्रकार पीपीटी 2024, टीईटी-2024 पात्रता परीक्षा 23 जून 2024 को, प्री बीएड -2024 और प्री डीएलएड-2024 की परीक्षा 30 जून को तथा बीएससी नर्सिंग-2024, पोस्ट बेसिक नर्सिंग-2024 एवं एमएससी नर्सिंग-2024 की परीक्षा 7 जुलाई 2024 को आयोजित की जाएगी।

बस्तर के कलाकार बना रहे बैम्बू कॉटेज, गर्मी से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में आम लोगों को गर्मी से बचाने के लिए बैम्बू के नये कॉटेज बनाए जा रहे हैं। इन कॉटेज को बनाने के लिए बस्तर के कलाकारों की टीम पहुंची है, जो पिछले कई दिनों से कॉटेज बनाने में जुटी हुई है। इससे पहले पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी के कार्यकाल में कलेक्टोरेट परिसर में आधा दर्जन बैम्बू के कॉटेज बनाए गए थे, जो रखरखाव के अभाव में टूट-फुट चुके थे। इन कॉटेजों की भी मरम्मत कराई गई है।

कलेक्टोरेट में हर दिन हजारों लोग पहुंचते हैं। इनमें कोई अपना काम लेकर, तो कोई समस्या व शिकायत लेकर पहुंचता है। परिसर में पंजीयन दफ्तर भी है, जहां हर रोज सैकड़ों लोग रजिस्ट्री कराने भी पहुंचते हैं, जिसके कारण रजिस्ट्री दफ्तर का हाल भी छोटा पड़ जाता है। इसके कारण बड़ी संख्या में लोगों को रजिस्ट्री के लिए अपनी बारी का इंतजार करने खुले आसमान के नीचे धूप में खड़े होना पड़ता था, तो कई लोगों को पेड़ों की छांव के नीचे खड़े होकर इंतजार करना पड़ता था। लोगों को होने वाली इस परेशानी से बचाने के लिए पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी के कार्यकाल में परिसर में आधा दर्जन बैम्बू कॉटेज बनाए गए थे। इन कॉटेजों के बनने के बाद लोगों को गर्मी से राहत के साथ धूप से भी राहत मिलने लगी है।

हरिभूमि सरोकार

एक कॉटेज में 400 बांस का उपयोग : परिसर में एक रजिस्ट्री कार्यालय के सामने और दूसरा जिला पंचायत कार्यालय के सामने बैम्बू कॉटेज का निर्माण कराया जा रहा है। बस्तर के नारायणपुर जिले से आए कलाकारों की टीम के प्रमुख परमेश्वर नाग ने बताया कि पूरा कॉटेज बांस का बनाया जा रहा है। एक कॉटेज बनाने में करीब 4 सौ बांस लग रहे है। उन्होंने बताया कि बांस के कॉटेज गर्मी से काफी राहत देते हैं, इसलिए अब इसकी मांग ज्यादा है।

गर्मी में देंगे राहत

कलेक्टोरेट पहुंचने वाले आम लोगों को गर्मी से राहत देने नये बैम्बू कॉटेज का निर्माण कराया जा रहा है। ये कॉटेज पहले से काफी बड़े हैं, जिससे ज्यादा लोग इसमें बैठ पाएंगे।

- **गौरव सिंह,** कलेक्टर रायपुर

टूट फूट चुके कॉटेज सुधारे गए, दो नये बड़े कॉटेज का निर्माण

पुराने कॉटेज देखरेख के अभाव में टूट फूट गए थे। वर्तमान कलेक्टर गौरव सिंह ने अब इन कॉटेजों की सुध लेकर इन्हें ठीक कराया, बल्कि पुराने कॉटेज की तुलना में तीन से चार गुना बड़े दो नये कॉटेज का निर्माण भी करा रहे हैं, ताकि कलेक्टोरेट आने वाले आम आदमी को धूप में खड़ा होना न पड़े।

तालाब और कुआं के पास अतिक्रमण हटाने चलेगा अभियान, दूषित जल के ट्रीटमेंट की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ दस जोन के कमिश्नरों को निर्देश

शहर के पारंपरिक जल स्त्रोत तालाब और कुआं की सफाई के लिये नगर निगम जोनवार अभियान चलायेगा। कुआं और तालाब के आसपास अतिक्रमण होने की स्थिति में हटाने की कार्रवाई की जायेगी। 10 जोन के कमिश्नरों को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने इस आशय के निर्देश दिये हैं। साथ ही वर्षा जल संरक्षण कार्य करने विशेषज्ञों की मदद ली जायेगी।

नगर निगम द्वारा वर्षा जल का संग्रहण करने तथा ग्राउंड वाटर रीचार्ज करने विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी। इसमें विभिन्न तकनीकी विशेषज्ञों के साथ कार्ययोजना बनाकर अलग-अलग जोन में कार्य कराये जायेंगे। इसके लिये निगम प्रशासन पर्यावरण संरक्षण बोर्ड और निगम के इंपेनल्ड भू जल विशेषज्ञों से विमर्श कर रहा है। नगर निगम के सभी 10 जोन में कमिश्नर के मार्गदर्शन में पारंपरिक जलस्त्रोतों की सुध ली जायेगी। साथ ही आवश्यकता अनुसार जीर्णोद्धार कराया जायेगा।

ग्राउंड वाटर म्यूजियम का प्रस्ताव

रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए लोगों में जागरूकता लाने प्रत्येक जोन में ग्राउंड वाटर म्यूजिम बनाया जायेगा। इसके लिए निगम आयुक्त ने जोन कमिश्नरों को प्रस्ताव प्रस्तुत करने निर्देश दिये हैं। ये कार्य करीब 2 हजार वर्गफीट में निर्मित भवन में किया जाएगा, जहां पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के साथ ही ग्राउंड वाटर रिचार्ज सिस्टम भी लगाया जाएगा।

शबरी कन्या आश्रम में सरना पूजा आज

रायपुर। उरांव (सरना) आदिवासी विकास संघ कविता नगर द्वारा 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे सरना पूजा की जाएगी।

कार्यक्रम के दूसरे दिन 20 अप्रैल को सुबह 6 बजे विसर्जन तक परंपरागत नृत्य-गान के साथ खद्दी-सरहूल पूजा परब कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम शबरी कन्या आश्रम रोहिणीपुरम आयुर्वेदिक कॉलेज के पीछे पंचवटी प्रांगण में किया जाएगा। यह जानकारी संघ सचिव बुधेश्वर भगत ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में शहर के उरांव आदिवासी एवं विभिन्न प्रांतों के नागरिक उपस्थित रहेंगे।

सी-विजिल में चुनाव आचार संहिता उल्लंघन की रायपुर में ज्यादा शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सी-विजिल ऐप आचार संहिता उल्लंघन को रोकने के लिए प्रभावी साबित हो रहा है। लोकसभा चुनाव के पहले निर्वाचन कार्यालय को 544 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें से 372 शिकायतों का निराकरण कर लिया गया है। रायपुर से सबसे ज्यादा और दूसरे स्थान पर रायगढ़ शामिल है, जहां शिकायतें मिलीं। सी-विजिल एप के जरिए कोई भी व्यक्ति ऐसी गतिविधियों की जानकारी दे सकता है, जो आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में है। ऐसे मामलों पर निर्वाचन कार्यालय की टीम भी प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से कार्रवाई कर रही है। विधानसभा चुनाव में सी-विजिल एप पर निर्वाचन कार्यालय को 600 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई थीं। यह एप आम नागरिकों के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर पर उपलब्ध है। इसके माध्यम से प्राप्त होने वाले सभी शिकायतों की मानिटरिंग व उनके निराकरण, समाधान के लिए जिला स्तरीय टीम गठित की गई है।

मोबाइल से कर सकते हैं आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतें

एंड्राइड मोबाइल फोन से चुनाव आयोग के सी-विजिल एप्लीकेशन को डाउनलोड करते हुए फोटो, वीडियो का इस्तेमाल करते हुए गूगल लाइव लोकेशन अपलोड करते हुए शिकायतें की जा सकती है। नियमों के मुताबिक 100 मिनट के भीतर शिकायतों पर कार्रवाई की जाती है।

जिलों में सी-विजिल एप पर शिकायत : रायपुर जिले में 169 शिकायत मिली इसमें से 144 शिकायतों का निराकरण किया गया। राजनांदगांव में 23 शिकायत मिली इसमें से 16 शिकायतों का निराकरण किया गया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 38 शिकायतें मिली इनमें से 26 का निराकरण किया गया। कांकेर जिले में 32 शिकायतें मिली इनमें से 23 शिकायतों का निराकरण किया गया। रायगढ़ जिले में 40 शिकायतें मिली इसमें से 20 का निराकरण किया।

544 शिकायतें 372 पर कार्रवाई

सी-विजिल एप पर कुल 544 शिकायतें दर्ज की गई है। निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक इन शिकायतों में से 372 शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है। इनमें से लगभग 85 शिकायतें सही नहीं पाए जाने की वजह से इसे रद्द कर दिया गया। वहीं अलग-अलग जिलों में शिकायतें लंबित हैं। लंबित शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। कुल शिकायतों में जिलेवार निराकरण करने प्रतिशत इस प्रकार रहा- रायपुर-30 प्रतिशत, रायगढ़- 7 प्रतिशत, सारंगढ़-बिलाईगढ़-6 प्रतिशत ,बस्तर-5 प्रतिशत।

वॉकथॉन कर मतदाताओं को किया जागरूक

रायपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डा. गौरव सिंह के निर्देश पर स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वॉकथॉन का आयोजन किया गया। वॉकथॉन कलेक्टर परिसर से मानव श्रृंखला के रूप में प्रारंभ होकर आकाशवाणी चौक होते हुए सुभाष स्टेडियम पर जाकर संपन्न हुई। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने वाकथॉन में भाग लेने वालो को सुभाष स्टेडियम में मानव श्रृंखला की गोलाई में खड़े होकर मतदान शपथ दिलाई।

जू में रहने वाले वन्यजीवों को हीट स्ट्रोक डिहाइड्रेशन से बचाने की जा रही कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अप्रैल के शुरुआती दस दिनों में तापमान सामान्य होने के बाद गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। ऐसे में जंगल सफारी में रह रहे वन्यजीवों को हीट स्ट्रोक तथा डिहाइड्रेशन से बचाने सफारी प्रबंधन ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। सफारी के अलग-अलग बाड़ों में रह रहे वन्यजीवों को कूल रखने कूलर लगाने के साथ खुले बाड़ों को ग्रीन नेट से ढंकने का काम किया गया है।

जंगल सफारी के डायरेक्टर धम्मशील गणवीर के मुताबिक सफारी के वन्यजीवों को बचाने इस बार पूर्व से इंतजाम किए गए हैं। वन्यजीवों को हीट वेव तथा डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए 28 कूलर लगाए गए हैं। साथ ही सभी बाड़ों को ग्रीन नेट से ढंका गया है। इसके साथ ही ओपन सफारी के खुले में विचरण करने वाले हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीवों को गर्मी से राहत देने बांस तथा लकड़ी खड़े कर पत्तों और मिट्टी की मदद से छायादार कुटिया तैयार किया गया है, जहां खुले में विचरण तथा चरने के आने वाले हिरण, चीतल, नील गाय जैसे वन्यजीव को गर्मी से बचाने उपाय किए गए हैं।

पर्याप्त पानी रखने दिए निर्देश

बाड़ा के अंदर रहने वाले वन्यजीवों को गर्मी में पीने की पानी की कमी न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए उन वन्यजीवों के बाड़ो में पानी के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जू कीपर को बाड़ों की निगरानी कर जहां पानी कम हो वहां तत्काल पानी की व्यवस्था करने निर्देश दिए गए हैं।

सप्ताह में 3 दिन हटाएंगे सड़क से अतिक्रमण, ग्रीन नेट नहीं लगाने पर कार्रवाई

रायपुर। नगर निगम अमला अब सप्ताह में 3 दिन सड़क पर अतिक्रमण कर लगाये गये ठेले, गुमटियों और कंडम वाहन हटाने की कार्रवाई करेगा। यहीं नहीं, मलबा सड़क पर डंप करने और निर्माण के दौरान ग्रीन नेट नहीं लगाने वालों पर कड़ाई बरती जायेगी। इसके लिये जोनवार सूची बनाई गई है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया है कि सप्ताह में 3 दिन वे सड़क यातायात बाधित वालों पर कार्रवाई करें।

केंद्रीय भूजल बोर्ड राजधानी की भूजल स्थिति सुधारने करा रहा सर्वे

भूजल संरक्षण के लिए चार जगह बनाएंगे एक्यूफर जोन, निगम तैयार कराएगा पॉयलट प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में भूजल संकट से निबटने अब वर्षा जल को संरक्षित करने छोटे-छोटे एक्यूफर जोन विकसित किए जाएंगे। शुरुआत में 4 जगहों को इसके लिए चिन्हांकित किया गया है। भाठागांव के चिंगरीनाला, देवेंद्र नगर क्षेत्र के नारायणा हास्पिटल के पीछे वाला नाला, सड्डु के सोकरानाला सहित चंदनीडीह में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के पास इस तरह के जोन बनाए जाएंगे। 250 से 300 वर्गफीट तक के डबरीनुमा एक्यूफर जोन के लिये बड़े पैमाने पर काम शुरू होंगे।

इसके लिये रायपुर नगर निगम पॉयलट प्रोजेक्ट तैयार करेगा। दरअसल, शहर के आउटर वार्ड स्थित मोवा, साइंस सिटी के पास सड्डु तालाब, जीरो पाइंट, विधानसभा चौक, सेमरिया ऐसे क्षेत्र हैं, जहां का भूजल स्तर 700-800 वर्गफीट नीचे तक चला गया है। वहीं डीपीएस स्कूल के सामने 900 से 1000 वर्गफीट तक भूजल की स्थिति बनी है। भूजल वैज्ञानिक विपिन दुबे का कहना है, सड्डु के सोकरानाला क्षेत्र में 700 से 800 वर्गफीट गहराई तक भूजल चला गया है। इसलिए ऐसे जगहों को चिन्हांकित वाटर रीचार्ज के लिए एक्यूफर जोन बनाने का प्लान है। शहर के अंडरग्राउंड वाटर सिस्टम को सुधारने केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा रायपुर शहर का सर्वे कराया जा रहा है।

क्या है एक्यूफर जोन

एक्वी का आशय है पानी, फर यानी जमीन के अंदर ऐसे चट्टानी पत्थर, जिसमें पानी को भूगर्भ में समाहित करने की क्षमता हो। इस तरह के जोन को एक्यूफर जोन कहा गया है। इन जगहों पर स्ट्रक्चर बनाने से वाटर रीचार्जिंग का फायदा निश्चित रूप से मिलता है। केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा देश के प्रत्येक राज्यों में इस तरह का सर्वे समय-समय पर कराया जाता है, ताकि यह पता चल सके कि कौन-से इलाके में जल को समाहित करने वाले चट्टानी पत्थर जमीन के अंदर मौजूद है। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर सहित आसपास के इलाके में पिछले 7 माह से सर्वे चल रहा है। इसकी रिपोर्ट मई माह में आएगी।

वाटर हार्वेस्टिंग का डेमो

आम जनता को वर्षा जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने और इसके विभिन्न तरीकों से अवगत कराने शहर के पंजीकृत भूजल विशेषज्ञ डेमो देंगे। इसके लिए उन्होंने नगर निगम से शहर के किसी एक सामुदायिक भवन उपलब्ध कराने की मांग निगम आयुक्त से की है। भवन उपलब्ध होते ही भूजल विशेषज्ञ वाटर रीचार्जिंग की अलग-अलग प्रक्रिया की खासियत और उसे स्थल पर विकसित करने की तकनीक से अवगत कराएंगे, ताकि शहरवासी इसे देखकर समझ सकें कि अपने घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठान में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का का कौन-सा तरीका अपनाना बेहतर होगा।

निगम के साथ बनाई संयुक्त टीम

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के मुताबिक पानी रीचार्ज के लिए एक्यूफर जोन के प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने एक संयुक्त टीम बनाई गई है, जिसमें नगर निगम, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का भूजल विभाग, एनआईटी का जियोलॉजी विभाग, सिविल विभाग के साथ ही नगर निगम से पंजीकृत भूजल वैज्ञानिक शामिल हैं। इनका संयुक्त रूप से काम जल्द शुरू होगा। इसके लिए सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड की सर्वे रिपोर्ट का इंतजार है।

खबर संक्षेप

कर्मचारी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित

भिलाई। सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता ने कर्मियों को सम्मानित किया। इनमें प्रबंधक प्रवीण जायसवाल,पवन कुमार जायसवाल, सीनियर आपरेटिव दीपक कुमार खडातकर शामिल हैं। प्रवीण जायसवाल को बी शिफ्ट में, बिना कोई डाउनटाइम रिकर्ड किए 163 रेलों को रोल करने और पवन कुमार ए शिफ्ट में, रेल की 162 नग रोलिंग करने के लिए सम्मानित किया गया। इनकी सक्रिय योजना और उसके कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप यह लक्ष्य हासिल हुआ। शिफ्ट के दौरान इनके अथक प्रयास एवं सतत निगरानी की सराहना हेतु पवन कुमार जायसवाल को सम्मानित किया गया।

स्वास्थ्य केंद्र पाटन में प्रशिक्षण आयोजित हुआ

पाटन। पाटन ब्लॉक अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व उप स्वास्थ्य केंद्र के सफाई कर्मचारियों की उपस्थित में स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा पर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उन्हे सफाई कर्मचारियों के लिए विभिन्न विभागों के योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अधिकारों व स्वास्थ्य सुरक्षा, सफाई की तरीके, पीपीई कीट का उपयोग उनके फायदे व सुरक्षा कीट पहनने व उतारने के सही तरीके, सफाई के लिए सोडियम हाइपो क्लोराइड का सहित मिश्रण, 4 रंगों के डस्टबिन का बायोमेडिकल वेस्ट वेस्ट के उपयोग एवं निष्पादन के तरीके आदि संबंधी जानकारी प्रदान की।

47 सफाईकर्मी रहे उपस्थित

जिला पंचायत दुर्ग के निर्देशन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला दुर्ग के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। समर्थन संस्था से प्रशिक्षक दिनेश कुमार व प्रियंका सिन्हा उपस्थित रहे, साथ ही खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा उपस्थित होकर हाथ धोने के 6 चरण, नियमित स्वास्थ्य जांच, सफाई के तरीके व सुरक्षा किट के उचित उपयोग व फायदे सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई।

रेलयात्री समय बचाने करें यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे ऑनलाइन टिकटिंग सुविधा के बाद मोबाइल से ऐप द्वारा जनरल टिकट खरीदने की सुविधा यात्रियों को दी है। इस सुविधा से यात्रियों को स्टेशन पर आकर टिकट काउंटर से लाइन में खड़े होकर टिकट खरीदने की जरूरत अब नहीं है। यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप को यात्रियों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है एवं दिनों-दिन इस सुविधा के उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

43 लाख से ज्यादा यात्री कर रहे उपयोग

वित्तीय वर्ष 2023-24 मे दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे ने लगभग 5 करोड़ 21 लाख यात्रियों ने यूटीएस एप्प के माध्यम से अनारक्षित टिकिट बुक किया। मार्च 2024 के महीने मे दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे ने 43 लाख से भी ज़्यादा अर्थात 20.72 प्रतिशत से भी अधिक यात्रियों ने अनारक्षित टिकिट बूकिंग यूटीएस एप्प के माध्यम से भी जो की पूरे भारतीय रेलवे मे सर्वाधिक रही। यात्रियों को टिकट काउण्टरों में लगने वाली लाइनों से निजात दिलाने, शीघ्र टिकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से घर बैठे यात्रा टिकट बुकिंग के साथ साथसीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने हेतु यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है। यात्री अपने मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड करके घर बैठे आसानी के साथ त्वरित अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट(एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं। इस मोबाइल ऐप के माध्यम से प्लेटफॉर्म टिकट भी प्राप्त किये जा सकते हैं।

मिल रहा है अच्छा रिस्पांस

खास बातें

- यात्री डाउनलोड कर घर बैठे ले सकेंगे सुविधा
- करवा सकते नवीनीकरण भी
- प्लेटफॉर्म टिकट भी कर सकते हैं बुकिंग
- सीजन टिकट का भी मिलेगी सुविधा

ऐसे करें ऐप डाउनलोड

गूगल प्ले स्टोर, एप्पल स्टोर से यूटीएस मोबाइल ऐप डाउनलोड करें तथा रजिस्ट्रेशन हेतु साइन अप करें।
लॉगिन आई.डी. मोबाइल नं. रजिस्टर्ड करें तथा मेसेज के द्वारा प्राप्त चार अंकों के पासवर्ड का उपयोग करें।
टिकटों के प्रकार का चयन करें। (यात्रा टिकट, सीजन टिकट, प्लेटफार्म टिकट तथा यात्रियों की संख्या)
टिकट के भुगतान हेतु **R-Wallet** का उपयोग करें। **R-Wallet** को डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यू.पी.आई जैसे पेटीएम, गूगल-पे, फोन पे आदि अथवा यू.टी.एस. काउण्टर द्वारा रिचार्ज किया जा सकता है।

25 किमी दूर से भी करेगा ऐप काम

स्टेशन से दूर रहने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसके दायरे को बढ़ाकर 25 किलोमीटर भी कर दिया गया है, अर्थात यात्रीगण स्टेशन से 25 किमी की दूरी से भी इस ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष के अप्रैल' 2023 से मार्च' 2024 तक कुल अनारक्षित टिकटों की बुकिंग में 13 प्रतिशत से भी अधिक यात्रा टिकट यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से खरीदे गए, जिसमें लगभग 67 लाख से भी अधिक रेल यात्रियों ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के द्वारा अनारक्षित टिकट की खरीदी कर यात्रा की।

सियासत : शराबबंदी के नाम पर 5 साल जमकर बेची शराब

कांग्रेस सरकार ने की प्रदेश की दुर्गति : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी व वर्तमान सांसद विजय बघेल ने शुक्रवार को जिले के बेरला ब्लॉक और बेमेतरा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। इस दौरान श्री बघेल ने जीत के लिए समर्थन मांगते हुए कहा कि आज देश प्रधानमंत्री मोदी के अथक मेहनत से विश्व शिखर पर पहुंच कर हर भारतवासियों का सिर विश्व पटल पर ऊंचा हुआ। भाजपा जो कहती है उसे करके दिखाती है। हमने किसान भाइयों से लेकर दाई-दीदी के सम्मान में महतारी वंदन योजना शुरू किए। श्री बघेल ने अपने जनसंपर्क में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कांग्रेस जो कहती उसे कभी करती नही है। शराब बंदी करेंगे बोले और 5 साल जमके शराब बेचे है। प्रदेश की दुर्गति कर दिए। जिस तरह से विधानसभा चुनाव में आप लोगों ने भाजपा पर विश्वास जताया और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाए है, वैसे ही इस लोकसभा चुनाव में भी एक बार फिर से मोदी की सरकार बनाए इसलिए कमल फूल में सब को बटन दबाना है।

- विभिन्न गांव में चुनाव प्रचार करने पहुंचे विजय बघेल

कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता

बेमेतरा। भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी के मार्गदर्शन में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कार्यकर्ताओं को भाजपा का गमछा पहनाकर सदस्यता दिलाई। इस दौरान भाजपा नेता विजय बघेल ने कहा कि सभी मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर लोग भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। मोदी सरकार की योजनाओं से गरीब परिवारों का उत्थान हुआ है। जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, शौचालय योजना, मुद्रा लोन, आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि, आदि योजनाएं हैं। जिनका लाभ देश की जनता को मिल रहा है। इस अवसर पर दिलीप निषाद अध्यक्ष जिला निषाद समाज, उपसरपंच ग्राम पंचायत भरचट्ठी, उपसरपंच ग्राम तबलघोर और ग्राम निनवा मे मदन लाल वर्मा संरपच डगनियां साजा के नेतृत्व में साथियों और ग्रामीणों ने को भाजपा प्रवेश कर सदस्यता ग्रहण किया।

ये रहे मौजूद

ग्रामीण क्षेत्र की जनसभा में पूर्व सांसद ताराचंद साहू के पुत्र दीपक ताराचंद साहू, किसान नेता योगेश तिवारी, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल राजेंद्र शर्मा ने भी संबोधित किया। श्री बघेल विधानसभा के बेरला, बेमेतराब्लॉक के ग्राम खिसोरा, परपोड़ा, मोहभट्ठा, गनियारी, खम्हरिया, सिंधौरी, निनवा, बैजलपुर, खिलोरा, अमोरा, मटका, जिया, कुसमी गांव में जन चौपाल लगाया। जनसंपर्क में भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा, चुनाव प्रभारी राजीव चौबे, बलराम पटेल, छोटेलाल साहू, हर्ष तिवारी, विजय सिन्हा, अजय शर्मा , होरीलाल सिन्हा, राकेश मोहन शर्मा, सुरेश पटेल, ललिता साहू, संध्या परगनिहा, योगेश वर्मा, दीपक मोटवानी सहित अन्य भाजपा नेता शामिल रहे।

चुनावी दौर में बाराती बस के लिए भटक रहे लोग

अब कैसे ले जाएंगे दिलवाले दुल्हनिया

खास बातें

- अधिग्रहण की तैयारी के चलते नहीं मिल रही निजी बसें किराया भी बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सालों से राजा की आएगी बारात.. और ले जाएंगे दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे जैसे सपन सलोने और सुरीले गीतों के साकार होने को लेकर इन दिनों ट्विनसिटी में एक दूजे के होने वाले युवक युवतियां पसोपेश में हैं। राजनीतिक दलों और मतदाताओं के लिए लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव लोकसभा चुनाव भले ही खुशियां लेकर आया हो पर विवाह के बंधन में बंधने वाले इन युवाओं को चुनाव किंचित मायूस कर रहा है। चुनाव कार्य के लिए बसों के अधिग्रहण की तैयारी के चलते विवाह की तैयारी में जुटे पालकों को बारात के लिए बसों के लिए भटकना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई दुर्ग सहित पूरे जिले में लोकसभा चुनाव का माहौल गरमाया हुआ है। दुर्ग संसदीय क्षेत्र के लिए 7 मई को मतदान होना है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा बसों के अधिग्रहण की तैयारी शुरु कर दी गई है। इस बार बड़ी बसों को भी बस आपरेटरों को चुनाव कार्य के लिए सुलभ कराने का आदेश जारी किया गया है। फोर्स और मतदान कर्मियों और मतदान सामग्रियों को लाने जाने के लिए बड़ी संख्या में बसों के अधिग्रहण की तैयारी से ट्रांसपोर्टरों ने बसों को रिजर्व रखने और लिस्टिंग आदि कार्य में लगे हुए हैं। इसके चलते अपने बच्चों के विवाह में बारात के लिए बसों की बुकिंग कराने को लेकर पालकों को हलाकान होना पड़ रहा है। पालकों के मुताबिक बसें नहीं मिल रही हैं या फिर इनका बुकिंग किराया काफी बढ़ा दिया गया है। टैक्सी का किराया भी बढ़ा दिया गया है। हाल्टिंग चार्ज ज्यादा लिया जा रहा है।

चुनाव ड्यूटी करें या शादी

लोगों को बसों के लिए ही नहीं भटकना पड़ रहा है बल्कि विवाह कार्यक्रम में शरीक होने के लिए भी मन मसोस कर रहना पड़ रहा है। शहर में कई ऐसे कई कर्मचारी हैं, जिनके बच्चों और रिश्तेदारों के विवाह अगले हफ्ते और मई के पहले हफ्ते में हैं। ऐसे लोगों की चुनाव में ड्यूटी लगी होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अनेक लोगों ने तो चुनाव को देखते हुए विवाह की तिथि आगे बढ़ा दी है लेकिन कई लोग हैं, जो अपने परिवार या रिश्तेदारी में विवाह कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पा रहे हैं।

कंतेली शाला में समर कैंप का आयोजन

बेमेतरा। शासकीय प्राथमिक शाला कंन्तेली में 18 से 25 अप्रैल तक समर कैंप का आयोजन किया गया है।समर कैंप में बच्चों को शिक्षा के अलावा विभिन्न विधाओं से अवगत कराया जाएगा। जिसमें ड्राइंग-पेंटिंग, रंगोली बनाना, खिलौने बनाना, खेल-खेल में गणित बनाना, जादू, अंताक्षरी, गीत, कहानी, नृत्य आदि बच्चों को सिखाया जाएगा। साथ ही साथ प्राथमिक स्तर के बच्चों को गणित, हिंदी व अंग्रेजी का शिक्षण भी कराया जाएगा। शासकीय प्राथमिक शाला कन्तेली में पदस्थ शिक्षिका आंचल वर्मा के द्वारा पूर्व में भी इस प्रकार के आयोजन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की सहायता से किया गया है। कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से श्रेष्ठा मैडम ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई तथा बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को दिखाकर उनका उत्साह वर्धन किया। समर कैंप के दूसरे दिन बच्चों को ड्राइंग सीट पर यातायात के साधनों की पेंटिंग्स करते हुए उन्हें इनके दैनिक जीवन में उपयोग से परिचित कराया। प्राथमिक स्तर के बच्चों को विभिन्न रंगों से भी परिचित कराया। शिक्षक के साथ सहायक गतिविधियों से बच्चों में उत्साह का माहौल है। प्राथमिक स्तर के बच्चे बड़ी संख्या में इस समय कैंप में भाग ले रहे हैं।

पीयूसीएल की जिला कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पीयूसीएल की सेक्टर -2 शक्ति सदन में हुई बैठक में जिला इकाई की कार्यकारिणी का चयन किया गया।

जिला अध्यक्ष, वीएन प्रसाद

- कई प्रस्ताव पारित

राव, सुरेंद्र मोहंती उपाध्यक्ष, कलादास ढहरिया सचिव चोवाराम साहू सहसचिव, सुनीत परगनिहा कोषाध्यक्ष बनाए गए। नीरा डहरिया, जयप्रकाश नायर, अधिवक्ता अमित, अधिवक्ता प्रभा सिंहा, सोमनाथन, तुकाराम तथा एस.एस गिल को कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। मानवाधिकार के उल्लंघन को लेकर आम सभा हुई जिसमें मुख्य वक्ता शालिनी गेरा, जनक लाल ठाकुर तथा शौरा यादव

उपस्थित थे। बैठक में बस दुर्घटना में मृत कुम्हारी के केडिया डिस्टलरीज के मजदूरो परिवार को 50 लाख मुआवज़ा तथा एक सदस्य को स्थाई नौकरी देने, दुर्ग ज़िले के 21 गांवों मेंगेल (इंडिया) द्वारा पाइपलाइन अधिनियम 1962 का उल्लंघन कर किसानों के खेतों में बिछाई जा रही गैस पाइपलाइन हेतु जारी अधिसूचना को रद्द करने के प्रस्ताव पारित किए गए। इसके अलावा सर्वआदिवासी समाज के उपाध्यक्ष सरजू टेकाम की निःशर्त रिहाई तथा दोषी पुलिस अधिकारियो को बर्खास्त करने और सभी प्राइवेट फैक्ट्री में श्रम कानून का कड़ाई से पालन,सेफ़्टी सुरक्षा, किसी भी कारणवश श्रमिक की मृत्यु पर 50 लाख मुआवज़ा व नौकरी देने और बीएसपी कि ठेका मजदूरों को जीने लायक वेतन देने आदि मांगों के प्रस्ताव पारित हुए।

सूर्य की तपिश ऐसी की पांच दिन में 4 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ा

दुर्ग। सप्ताहभर बाद बुधवार को सूर्यदेव की तपिश ऐसी पड़ी कि तापमान 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। पांच दिन पहले यानी 13 अप्रैल को ट्विनविटी का अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस था जो बुधवार 17 अप्रैल को यह 39.8 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। तापमान अचानक बढ़ने से पूरे दिन गर्मी पड़ी। मौसम में उमसभरी गर्मी होने की वजह से लोगों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ी है। मौसम विभाग के मुताबिक मौसमी तंत्र के कमजोर हो जाने के कारण 18 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। जिसकी वजह से भिलाई दुर्ग सहित प्रदेश में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर दक्षिण विदर्भ से मराठवाड़ा और उत्तर आंतरिक कर्नाटक होते हुए दक्षिण आंतरिक कर्नाटक तक एक द्रोणिका बनी हुई है।

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में हर्षोल्लास के साथ मनी महात्मा हंसराज जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में महात्मा हंसराज जयंती पर विद्यालय में विभिन्न आयोजन एक्टिविटी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

संस्था के प्राचार्य ,शिक्षक-शिक्षकों सहित विद्यार्थियों ने महात्मा हंसराज के छायाचित्र पर श्रद्धा के पुष्प सुमन अर्पित किए। इस दौरान प्राचार्य प्रचार्य ने छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि महात्मा हंसराज का जन्म 19 अप्रैल 1864 को होशियारपुर पंजाब के समीप बजवाड़ा ग्राम में हुआ एवं स्वर्गारोहण 14 नवंबर 1938 को लाहौर में हुआ। महात्मा हंसराज का कार्य समाज के लिए अद्वितीय रहा और उन्होंने अल्पायु में ही आर्य समाज तथा राष्ट्र के विशाल क्षेत्र में कार्य करना प्रारंभ कर दिया था। माता गणेश देवी के पुत्र हंसराज के पिता लाला चुन्नीलाल स्वभाव से सत्संग प्रेमी और स्वतंत्र विचारों के थे। यह संस्कार बच्चे पर भी पड़े, परिवार साधारण था। 12 वर्ष की आयु में पिता का देहांत हो गया तो

- विद्यार्थियों ने विभिन्न आयोजनों में लिया भाग

भी संस्कार बालक महात्मा हंस राज में प्रभु भक्ति, कठोर परिश्रम,सादगी तथा तपस्या के बीज पनपते रहे। उन्होंने अपनी शिक्षा अपने बड़े भाई मुल्खराज के पास रहते हुए लाहौर में पूरी की अपनी श्रेणियों में भी सदा प्रथम रहते थे। बीए की परीक्षा उन्होंने सन 1885 में संस्कृत और इतिहास विषय लेकर पास की वे प्रांत भर में प्रथम स्थान पर रहे। बालक और युवा हंसराज का यह निर्माण काल था। पिता के होते हुए भी बचपन निर्धनता से गुजर रहा था शिक्षा का आरंभ जिस प्राइमरी स्कूल से हुआ वह भी दूर था। इस तरह पढ़ाई बहुत तपस्या के साथ चल रही थी। इस अवस्था में भी बालक हंसराज गांव वालों के पत्रों को लिखकर तथा आने वाले पत्रों को पढ़कर सुनाते हुए लोक सेवा करता रहा। बड़ी कक्षाओं में पहुंचकर भी उसकी सेवा भावना यथावत बनी रही। इस बीच सन 1877, अप्रैल में जब महर्षि दयानंद लाहौर आए तो उनके दर्शन से हंसराज अत्यंत प्रभावित हुए और पंडित गुरुदत्त, लाला लाजपत राय,राजा नरेंद्र नाथ और द्वारकादास आदि इनके सहपाठी थे। यह सभी आगे चलकर पंजाब के प्रमुख हस्ती बने। महात्मा हंस राज पंजाब के प्रसिद्ध आर्य समाज नेता समाज सुधारक और शिक्षा भी थे। उनके महत्वपूर्ण योगदान और प्रयासों के फलस्वरुप ही देशभर में डीएवी के नाम से आज लगभग 900 से अधिक विद्यालय व महाविद्यालय गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा प्रदान कर देश व राष्ट्र के नाम रोशन कर रहे हैं। महात्मा हंसराज, स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों से बहुत अधिक प्रभावित थे। महात्मा हंसराज अपनी समाजसेवा, कर्तव्यनिष्ठा की भावना और शिक्षा की क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने वाले ऐसे महापुरुष हैं जिसके वजह से आज डीएवी संस्थान पूरे एशिया महाद्वीप की सबसे बड़ी शिक्षण संस्थान बन गया है। कार्यक्रम में विद्यालय से शिक्षक ललित देवांगन,अखिलेश पटेल,राहुल पटेल, निशु गुप्ता,अनिल चन्द्रवंशी, ज्ञानेश्वर साहू, मनीषा सोनी, दीपिका वर्मा, आयुषी जैन, कैलाश सिंह, गोविंद प्रसाद साहू,राजा तंतुवाय, रेणुका पटेल, छोटु साहू, सुमित्रा पटेल, रितिका साहु,अमित पटेल, सविता साहु, सुखदेव साहू, विजय चंद्राकर,गीता साहू, युवराज, नरेश साहू आदि उपस्थित रहे।

डेयरी संचालक पर जुर्माना-नहर सफाई में लाए तेजी

नाली में गोबर देख भड़के आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

डेयरी संचालक की मनमानी पर गुरूवार को आयुक्त मोनिका वर्मा ने फटकार लगाई। डेयरी संचालक पर दो हजार का जुर्माना लगाया। दरअसल डेयरी संचालक दुधारू मवेशी के गोबर को सार्वजनिक नाली में डाल रहा था। डेयरी संचालक के इस हरकत को देख नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने डेयरी संचालक को समझाइश देने मौके पर बुलवाया। समझाइश के पहले वार्ड 29 निवासी डेयरी संचालक बिसौहा राम यादव यह कहते हुए बहस करने लगा कि वह अकेला नहीं है जो नाली में कचरा डालता है। डेयरी संचालक के इस व्यवहार को देखने के बाद आयुक्त ने मौके पर ही 2000 जुर्माना वसूल करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से कहा कि खटाल संचालक दोबारा गलती करते पाए जाने पर दो गुना जुर्माना वसूल किया जाए।

जहां नाली टूटी है उसे करें सूचीबद्ध

मार्निंग विजिट के तहत आयुक्त मोनिका वर्मा वार्ड 29 में 14 लाख से बने ऑक्सीजोन का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑक्सीजोन में डेयरी से आने वाली गंदगी को रोकने के निर्देश दिए। साथ ही अधुरे पानी निकासी के संसाधन को सूचीबद्ध करने कहा।

सफाई पर हर रोज हो मॉनिटरिंग

आयुक्त ने वार्ड 29 में चल रहे सफाई कार्य का जायजा लिया। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिए कि वार्ड में होने वाले सफाई कार्य की मॉनिटरिंग प्रतिदिन हो। सफाई कार्य में मानव संसाधन की कमी होने पर एजेंसी को नोटिस जारी करे।

नहर सफाई में लाए तेजी

सिंचाई विभाग द्वारा निस्तारी तालाब के लिए दिए जाने वाले पानी की स्थिति की जानकारी ली। आयुक्त ने वीआईपी नगर स्थित नहर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। उन्होंने जल्द ही नहर सफाई कार्य पूर्ण करने निर्देश दिए।

आचार संहिता के चलते स्मार्ट नहीं हो सके साढ़े तीन लाख मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में घरेलू मीटर को स्मार्ट करने की योजना आचार संहिता के चलते अटक गई है। जिले में साढे तीन लाख से अधिक घरेलू मीटर को स्मार्ट में बदलने की योजना थी। लेकिन ऐन वक्त में लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लगने के चलते टेंडर प्रक्रिया पूरी नही हो पाई है। उल्लेखनीय हैं कि, पहले चरण में रायपुर जिले में प्रोजेक्ट की शुरुआत होने के बाद दूसरे चरण में दुर्ग, राजनांदगांव और जगदलपुर में आगामी तीन माह में टारगेट पूरा किया जाना था। ऐसी जानकारी मिली हैं कि, केन्द्र सरकार द्वारा बडी कंपनियों को टेंडर दे दिया गया है। लेकिन छग में प्रक्रिया पूरी नही किए जाने से स्कीम आचार संहिता के बीच अटक गई है। जिसके चलते ऐसी संभावना है कि, आचार संहिता हटते ही योजना को बिजली कंपनी द्वारा अमलीजामा पहनाया जाएगा।

Online Booking : www.tripuryatra.com

स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024 तक (07 दिन)

रायपुर (08:00), उसलापुर (10:30), शहडोल (14:00) से होकर

सबसे कम राशि पर

चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...

जय माता दी

माता वैष्णव देवी

माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)

स्लीपर मात्र 8,500/-

स्पेशल ट्रेन की विशेष सुविधाएं

1. श्रद्धालुओं को ट्रेन बदलनी नहीं रहती, स्पेशल ट्रेन आपको पूरे धार्मिक स्थल का दर्शन करवा वापस आपके गंतव्य स्थल पर छोड़ेगी ।
2. स्पेशल ट्रेन में कोई बाहरी यात्री सवार नहीं होते, स्पेशल ट्रेन हमारे श्रद्धालु गण के लिए ही बनी रहती है ।
3. श्रद्धालुगण का लगेज ट्रेन पर ही रहती है ,खाली हाथ दर्शन को श्रद्धालुगण जाते हैं एवं बार-बार समान उतारना-चढ़ाना नहीं पड़ता।
4. छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ कुक के टीम से श्रद्धालुओं को घर जैसा स्वादिष्ट, लाजवाब भोजन नाश्ते की व्यवस्था रहती है।
5. अनुभवी मैनेजर/ गाइड पूरे यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ रहेंगे ।
6. सभी श्रद्धालुओं के ग्रुप को सीट एक साथ मिलती है।

राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी -20,500/-, 2 एसी -25,500/- आॅफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।

स्लीपर मात्र 18,500/-

सबसे कम राशि पर

चार धाम यात्रा

रायगढ़ (11.56), खरसिया (12.21), सक्ती (12.36), बाराद्वार (12.50), चांपा (13.15), जांजगीर नैला (13.26), अकलतरा (13.40), बिलासपुर जंक्शन (14.30), पेंड्रा रोड (16.15), भाटापारा (06.30), तिल्दा (06.53), रायपुर जंक्शन (07.40), दुर्ग (08.35), राजनांदगांव (08.59), डोंगरगढ़ (09.24), अनूपपुर जंक्शन (17.15)

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
09 मई से 22 मई 2024
20 मई से 02 जून 2024
24 मई से 06 जून 2024
26 मई से 08 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
05 सितंबर से 18 सितंबर 2024
20 सितंबर से 03 अक्टूबर 2024

चारधाम की विशेष सुविधा

1. रेलवे ट्रेन टिकट आने-जाने की सुविधा हरिद्वार तक। 2. हरिद्वार से 2/2 की 27 सीटर छोटी बस की सुविधा। 3. रात्रि विश्राम के लिए हॉटल / लॉज में ठहरने की उत्तम सुविधा। 4. सर्वेश्रेष्ठ कुक द्वारा गरमा-गरम ताजा उत्तम नाश्ते व स्वादिष्ट रात्रि भोजन की उत्तम सुविधा व ट्रेन में लंच की व्यवस्था। 5. एक अनुभवी गाईड कम मैनेजर की सुविधा ।

चारधाम यात्रा की इन्डीविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें-8802411411

नोट : कृपया अंतिम दिनांक से पहले बुकिंग करवालें क्योंकि ट्रेन में वेटिंग लगने पर टिकिट नहीं मिल पाती है।

यात्रा पंजीयन अप्रैल में खुल गई है आपको यात्रा पंजीयन करवाना अनिवार्य है। अन्यथा आपका चार धाम यात्रा करना मुश्किल रहेगी।

स्लीपर 22,500/- , 3 एसी -32,500/-, 2 एसी - 38,500/- आॅफर : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5% GST) 25 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

नेपाल विदेश यात्रा

स्लीपर मात्र 18,500/-

जनकपुर (सीता मईया जन्म स्थल) सीतामणी, वाराणसी (काशी विश्वनाथ), प्रयागराज (त्रिवेणी संगम), अयोध्या (राम जन्मभूमि), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा) काठमांडू दरबार, भक्तपुर

रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
09 मई से 22 मई 2024
06 जून से 19 जून 2024
25 जुलाई से 07 अगस्त 2024
22 अगस्त से 04 सितंबर 2024
12 सितंबर से 25 सितंबर 2024
10 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2024
28 नवंबर से 11 दिसंबर 2024
19 दिसंबर से 01 जनवरी 2025

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- । आॅफर : राशि : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

अमरनाथ यात्रा

स्लीपर मात्र 13,500/-

बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
16 जुलाई से 26 जुलाई 2024
06 अगस्त से 16 अगस्त 2024

नोट : आपको अमरनाथ का स्वयं मेडिकल व रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।

राशि : 18,500/- रु., 3एसी-25,100/-, 2एसी-30,500/- । आॅफर : राशि : स्लीपर 13,500/- 3 एसी-20,500/-, 2 एसी-25,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृष्नेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
24 जुलाई से 03 अगस्त 2024
21 अगस्त से 31 अगस्त 2024
11 सितंबर से 21 सितंबर 2024
16 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2024
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
25 दिसंबर से 04 जनवरी 2025

राशि : 20,500/- रु., 3एसी-28,100/-, 2एसी-32,500/- । आॅफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-22,500/-, 2 एसी-28,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल ट्रेन से 14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक (07 दिन)

द्वारकाधीश धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 8,500/-

श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, माउंट आबू / उज्जैन (महाकालेश्वर)

राशि : 12,500/- रु., 3एसी-20,100/-, 2एसी-25,500/- । आॅफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 (11 दिन)

नोट : तिरूपति बालाजी की व्हीआईपी टिकिट यात्रियों को स्वयं बुक करनी है।

रामेश्वरम् धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मिनाक्षीदेवी

रिजर्वेशन कोच (10 दिन)
04 जून से 13 जून 2024
20 अगस्त से 29 अगस्त 2024
10 सितंबर से 19 सितंबर 2024
15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- । आॅफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल ट्रेन से 13 सितंबर से 18 सितंबर 2024 तक (06 दिन)

गंगा सागर यात्रा

स्लीपर मात्र 8,500/-

गंगा सागर, जगन्नाथपुरी, माँ कामाख्या देवी

राशि : 13,500/- रु., 3एसी-21,100/-, 2एसी-26,500/- । आॅफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल आॅफर : किसी भी यात्रा में 25 टिकिट की बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री* 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

सुविधायें : यात्रा के दौरान - 1. कफर्म रेल्वे टिकट आने-जाने की सुविधा। 2. स्टेशन से बाहर मंदिर तक जाने के लिए बस की सुविधा। 3. ब्रेकफास्ट व डिनर व ट्रेन में लंच की सुविधा। 4. लॉज व धर्मशाला में रूम में फैमलि वाईस ठहरने की सुविधा। 5. पूरे यात्रा में एक अनुभवी गाईड/ मैनेजर की सुविधा ।

नोट : 1. यात्रा के दौरान नास्ते, भोजन व रहने के लिए लॉज/ धर्मशाला व मंदिर तक जाने के लिए नॉन एसी बस की व्यवस्था समिति द्वारा रहेगी। 2. एसी वाले यात्रियों के लिए नॉन एसी होटल व नॉन एसी बस की व्यवस्था रहती है। 3. यात्रा के दौरान ट्रेन से बाहर दोपहर के भोजन का व्यवस्था आपकी स्वयं की रहेगी। 4. केदारनाथ, यमुनोत्री की पालकी घोड़े, खच्चर, हेलिकाप्टर व नेपाल में मनोकामना दर्शन की रोपवे व मंदिर एंट्री फीस व तिरूपति बालाजी जी की व्हीआईपी दर्शन टिकिट फीस आपकी स्वयं की होगी।

नियम एवं शर्तें : 1. यात्रा कैंसल करने पर यात्रा की 15 दिन पूर्व पूर्ण राशि का निरस्तीकरण प्रभार 20 प्रतिशत लगेगा। यात्रा दिनांक के 15 दिन पूर्व 50 प्रतिशत, 7 दिन पूर्व 75 प्रतिशत पूर्ण राशि में कटौती की जाएगी व यात्रा दिनांक के 2 दिन पूर्व राशि वापसी नहीं हो पाएगी । 2. 20 प्रतिशत यात्रा के पूर्व राशि का रजिस्ट्रेशन राशि किसी परिस्थिति में भी वापसी योय नहीं है। 3. 5 वर्ष से 8 वर्ष के बड़ों की हॉफ राशि लगेगी व 8 वर्ष से ऊपर के यात्रियों की पूरी राशि लगेगी, हॉफ राशि वालों को सीट आबंटित नहीं की जाएगी। 4. 20 प्रतिशत रूपए देकर अपना रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात शेष राशि यात्रा दिनांक के 1 महीने पूर्व जमा करना अनिवार्य है अयथा आपकी यात्रा कैंसल हो जावेगी । 5. समिति स्पेशल ट्रेन/ कोच के लिए रेलवे में आवेदन करेगी, परंतु किसी कारावश स्पेशल ट्रेन/ कोच रेल्वे से उपलब्ध नहीं हो पाती है तो उस स्थिति अनुसार आपको रिजर्वेशन कोच से यात्रा करनी रहेगी। सहमती पर ही बुकिंग करवायें। 6. एसी वाले भक्त जनों का स्पेशल ट्रेन व कोच में रामेश्वरम् यात्रा दिसंबर के अलावा सभी यात्रा में एसी यात्री कम होने के कारण रिजर्वेशन कोच में ही यात्रा करनी रहती है कृपया अपनी सहमति पर ही बुकिंग करवाएं। 7. कुल राशि पर 5 प्रतिशत जीएसटी अलग से लगेगा। 8. रिफंड करने की प्रक्रिया में 1 महीने का समय लगता है।

नोट : कृपया *www.tripuryatra.com* से टूर प्रोग्राम (आईटनरी), नियम व शर्ते को पढ़ने के पश्चात ही अपनी सहमति पर बुकिंग करें।

Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

shree tripur tirth yatra

समिति की उपलब्धियां -

- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा सम्मानित समिति
- ZEE मध्य प्रदेश-छतीसगढ़, छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री मा. श्री अरूण साव जी द्वारा सम्मानित समिति
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा सम्मानित समिति
- केन्द्र रेल मंत्री माननीय श्री अश्विन वैष्णव जी से सम्मानित समिति
- बंसल न्यूज चैनल द्वारा माननीय पूर्व राजस्व मंत्री श्री जयसिहं अग्रवाल जी द्वार सम्मानित समिति
- छत्तीसगढ़ राज्यपाल माननीया अनुसुइया उइके जी के द्वारा सम्मानित समिति
- महिला बाल विकास पूर्व मंत्री माननीया अनीला भेड़िया जी के द्वारा सम्मानित समिति
- जी न्यूज हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम उड़ान में राष्ट्र स्तर पर मिला सम्मान
- मध्य भारत की सबसे विश्वसनीय सुप्रसिद्ध यात्रा करवाने वाली सेवा समिति
- आई.बी.सी. 24 द्वारा छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार की उपाधि से संबोधित
- न्यूज 18 छत्तीसगढ़ द्वारा बिजनेस एक्सिलेंट अवार्ड से सम्मानित
- नौ राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, बिहार, उड़ीसा, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में सेवा देने वाली एकमात्र सेवा समिति
- सबसे कम राशि पर तीर्थ यात्रा कराने वाली एक मात्र सेवा समिति

संरक्षक श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति - श्री राजकिशोर प्रसाद - संरक्षक, महापौर- कोरबा, श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल-संरक्षक एवं विधि सलाहकार, श्री राहुल यादव - चेयरपर्सन- श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, एम. डी. राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., डॉ. साहिल यादव - डायरेक्टर राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., श्रीमती रीना राय - कोषाध्यक्ष, श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, श्री जयराज मिश्रा (रिलायबल सर्विस), श्री संतोष राठौर (पूर्व सभापति एवं एमआईसी सदस्य न.पा. नि. कोरबा), श्री निरंजन यादव (महासचिव छ.ग. प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री जितेंद्र बहादुर यादव (छत्तीसगढ़ अध्यक्ष प्रगतिशील यादव महासंघ)(एस.एस. इण्डस्ट्रीज), श्री रजनीश भास्कर (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट), श्री तेजप्रताप सिंह (भिलाई) श्री कमल यादव (डायरेक्टर प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग नया रायपुर), गणेश कुलदीप (अधिवक्ता)

OFFICE ADDRESS RAIPUR : D-36 Sector- 4, Kamal Vihar, Near Shree Venkatesh Hospital, KORBA : Shop No - 301, 302, 303 SS Plaza Power House Road , DELHI : Flate No.-217, Ground Floor, Dg-3 (Paryavaran Apartments), Vikaspuri, HARIDWAR : Nagaldham Ke Samne Bhupatwala Haridwar, HARYANA: Panghal Travels 65 Improvement Trust Market Bhiwani Haryana Near Hansi gate Bhiwani

संपर्क करें :- 9165-411411 - 7247-411411 Online Booking : www.tripuryatra.com